वर्ष- 02 अंक- 253
छपरा
30 जुलाई बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## ग्रैंड मुफ्ती बोले- निमिषा की मौत की सजा रद्द, विदेश मंत्रालय ने नकारा

### भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है



**नई दिल्ली,एजेंसी।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के ऑफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी।

**भारत और यमन के धर्मगुरुओं ने बातचीत की थी :** भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था।

यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था।

## विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति-राज्यपाल की मंजूरी कब तक

### सुप्रीम कोर्ट में 19 अगस्त से सुनवाई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रपति के उस रेफरेंस पर सुनवाई की तारीखें तय कर दी, जिसमें पूछा गया है कि क्या राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति या राज्यपाल की सहमति के लिए कोई समयसीमा तय की जा सकती है। इस संवैधानिक मुद्दे पर 19 अगस्त से सुनवाई शुरू होगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने केंद्र और सभी राज्यों को 12 अगस्त तक लिखित पक्ष जमा करने को कहा है। बेंच में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। बेंच ने कहा कि 19 अगस्त को केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों की प्रारंभिक आपत्तियों पर एक घंटे की सुनवाई होगी, जिन्होंने इस राष्ट्रपति के रेफरेंस की वैधता पर सवाल उठाया है। कोर्ट ने कहा, 19, 20, 21 और 26 अगस्त को केंद्र और रेफरेंस का समर्थन करने वाले राज्यों की दलीलें सुनी जाएंगी। वहीं, 28 अगस्त और 2, 3 और 9 सितंबर को विरोध करने वाले राज्यों की सुनवाई होगी। जवाबी दलीलें 10 सितंबर को सुनी जाएंगी।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से क्या राय मांगी थी :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चित काल तक देरी कर सकते हैं या कोई समयसीमा तय की जा सकती है।

# देवघर में बस-ट्रक भिड़े, 6 कांवड़ियों की मौत इनमें 4 बिहार के; ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिरा

### 100 मीटर बिना ड्राइवर के बिना चली बस,पीएम मोदी, सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल ने हादसे पर दुख जताया

**देवघर / दुमका,एजेंसी।** देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 6 कांवड़ियों की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से धंस गया। कांवड़ियों के झोले और सामान बस में लटके दिख रहे हैं।हादसे में बस का ड्राइवर सीट समेत नीचे गिर गया। 100 मीटर तक बस बिना ड्राइवर के चली। देवघर DC नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया- सुबह लगभग 05:30 बजे मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस हादसा हुआ है। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। 24 लोग घायल हैं। 8 घायलों का AIIMS में इलाज चल रहा है। बाकी लोग सदर अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 18 लोगों की मौत की जानकारी दी थी। न्यूज एजेंसी ने भी सांसद के हवाले से 18 लोगों की मौत की बात कही थी।





### मृतकों में 4 बिहार के रहने वाले

40 कांवड़ियों से भरी बस देवघर से बासुकीनाथ जा रही थी। देवघर से 18 किमी पहले बस सामने से आ रहे सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिर गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई। 6 मृतकों में 4 बिहार के हैं। इनमें बेतिया की दुर्गावती देवी (45), पटना की संता देवी, गयाजी से सुमन कुमारी और वैशाली के पीयूष कुमार (19) हैं। ड्राइवर सुभाष तूरी (30) देवघर का रहनेवाला था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बस से घायल कांवड़ियों को निकाला और मोहनपुर थाने की सूचना दी।

## भारत को प्रलय मिसाइल के परीक्षण में मिली सफलता



### डीआरडीओ ने कहा- लक्ष्य पर सटीक हमला


**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत को रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीरडीओ) ने जानकारी दी है कि भारत की स्वदेशी मिसाइल 'प्रलय' का 28 और 29 जुलाई 2025 को लगातार दो बार सफल परीक्षण किया गया। ये परीक्षण सेना की जरूरतों के मुताबिक किए गए थे ताकि यह देखा जा सके कि मिसाइल कम और ज्यादा दूरी तक कितनी सटीकता से मार कर सकती है। दोनों दिनों में मिसाइल ने तय दिशा में उड़ान भरी और अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही तरीके से भेदा। डीआरडीओ ने बताया कि यह परीक्षण सभी तय मानकों और उद्देश्यों पर खरा उतरा है। यानी मिसाइल ने जैसा उससे उम्मीद की गई थी, ठीक वैसा ही प्रदर्शन किया।

**प्रलय' एक आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल, जानें खासियत :**बता दें कि 'प्रलय' एक आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे कम दूरी के लिए बनाया गया है। यह जमीन से जमीन पर मार कर सकती है और दुश्मन के खास ठिकानों को बहुत कम समय में तबाह कर सकती है। इसके साथ ही यह मिसाइल पूरी तरह से भारत में बनाई गई है। इस सफल परीक्षण के बाद भारत की सैन्य ताकत को और मजबूती मिली है और यह मिसाइल आने वाले समय में सेना का एक अहम हिस्सा बन सकती है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' संसद में जमकर चले तीर







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर जमकर बहस हुई। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व के 193 देशों में से सिर्फ 3 देशों ने पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया था। हमने पाकिस्तान के सीने पर सीधा हमला किया। पाकिस्तान की न्यूक्लियर धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। पीएम ने कहा- पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई तो कई बार हुई है लेकिन ये पहली ऐसी भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए थे वहां हम पहुंचे। वो सोच नहीं सकता था कि कोई बहावलपुर मुरीदके भी जमींदोज कर सकता है। हमने कर दिया। पीएम ने कहा कि हमारी सेनाओं ने आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित किया कि भारत अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेगा। भारत ने सिद्ध कर दिया कि न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगा न भारत इसके सामने झुकेगा। पीएम ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के बीच के कोआर्डिनेशन और सिनर्जी ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। आतंकी घटनाएं पहले भी देश में होती थीं। पहले उनके मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। उनको पता होता था कि कुछ नहीं होगा। लेकिन अब स्थिति बदल गई है।

### राहुल बोले-

**दम है तो पीएम कहें कि ट्रम्प झूठे-** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- ट्रम्प ने 29 बार कहा है कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। राहुल ने कहा- आपने यह बता दिया कि आपके पास लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं है। सरकार ने पायलट्स के हाथ-पांव बांध दिए। अगर पीएम में इंदिरा गांधी की तरह 50 प्रतिशत भी दम है तो कहें कि ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर नहीं कराया। कह दीजिए कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा है।

# नेशनल हेराल्ड केस- ईडी की चार्जशीट पर फैसला टला,राउज एवेन्यू कोर्ट में अब 7-8 अगस्त को सुनवाई

### राहुल-सोनिया पर आरोप तय होंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) की चार्जशीट पर फैसला टाल दिया है। अब यह मामला 7 और 8 अगस्त को निरीक्षण के लिए लिस्ट किया गया है। इसके बाद कोर्ट यह तय करेगी कि चार्जशीट पर संज्ञान कब लिया जाएगा। वहीं, राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर आरोप भी तय होंगे। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। ED का आरोप है कि सोनिया और राहुल ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (AJL) हड़पने की कोशिश की। ED के मुताबिक,छ्रुरु घाटे में थी। दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति होने के बावजूद,छ्रुरु ने कांग्रेस से 90 करोड़ रुपए का कर्ज लिया और चुका नहीं पाई। आमतौर पर ऐसी हालत में संपत्तियां बेची जाती हैं। इसके बाद सोनिया और राहुल ने AJL हड़पने की साजिश रची। इसके लिए यंग इंडियन (YI) नाम की कंपनी बनाई गई। इसने AJL का अधिग्रहण किया। YI में सोनिया और राहुल की 76% हिस्सेदारी है। ED का आरोप है कि ये दिखावटी फंडिंग थी। असल में AJL से कोई लेन-देन किया ही नहीं गया।



# हिमाचल प्रदेश के मंडी में फिर बादल फटने से तबाही, दो की मौत, एक लापता, कई घर और गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून ने एक बार फिर तबाही मचाई है। सोमवार बीती रात से जारी मूसलाधार बारिश के बीच मंडी जिले में भारी बाढ़ और मलबा आने से हालात सबसे ज्यादा खराब हुए हैं। मंडी शहर के जेल रोड और हॉस्पिटल रोड इलाके में बादल फटने के कारण अचानक नाले में उफान आने से बाढ़ का पानी और मलबा घरों में घुस गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई व एक लापता है जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। कई लोगों को समय रहते पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षित बाहर निकाला। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दो लोगों की मौत की और एक के लापता होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस के जवान राहत व बचाव कार्यों में जुटे हैं। मंडी के जेल रोड़ वार्ड की पूर्व पार्षद कृष्णा के बेटे और पोते की मलबे में दबने से मौत हो गई । उनके शव बरामद हो गए हैं, जबकि बहू लापता है, वहीं पर एक व्यक्ति की टांग टूट गई है। इसके अलावा कई घरों में मलबा घुस जाने से करीब पंद्रह लोगों को मलबे से निकाला गया। एक मकान में भारी मात्रा में मलबा घुस जाने से कमरे में दो लोग फंस गये थे, जिन्हें लोगों ने कमरे की खिड़की तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी अनुसार देर रात भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई, जिसने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घरों की निचली मंजिलों में पानी और मलबा भर गया, जिससे लोग फंस गए थे।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, नगर निगम के महापौर विरेंद्र भटट, स्थानीय पार्षद राजा, सुमन ठाकुर ,कमिशनर रोहित राठौर, एडीएम डा. मदन कुमार ने मौके पर पहुंच का राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस बारिश से अभी और कितना नुक्सान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है।

इधर, चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-3) और मंडी-पठानकोट हाईवे (NH-154) पर भी कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। दोनों मार्ग बंद हैं और कई वाहन फंसे हुए हैं। लोक निर्माण विभाग, प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें राहत कार्य में जुटी हैं, जबकि एनडीआरएफ को भी अलर्ट पर रखा गया है।

मौसम विभाग ने मंडी सहित पूरे प्रदेश में अगले 24 घंटों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे राहत कार्यों में और कठिनाइयां बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि मंडी जिला इससे पहले भी 30 जून की रात बादल फटने की एक दर्जन घटनाओं से बुरी तरह प्रभावित हुआ था। सबसे ज्यादा तबाही सराज क्षेत्र में हुई थी।

प्रदेश में 20 जून को मानसून आने के बाद से अब तक भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से 164 लोगों की मौत हो चुकी है, 269 लोग घायल हुए हैं और 35 लोग अभी भी लापता हैं।



## वसुंधरा राजे मोदी से मिलीं, राजस्थान सीएम भी दिल्ली में थे

### जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद सियासत हो गई तेज

**जयपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। इसके सियासी मायने भी निकाले जाने लगे हैं। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने से पहले संभावितों की लिस्ट में वसुंधरा राजे का नाम भी चला था। बाद में धनखड़ को उपराष्ट्रपति बना दिया गया था। धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद राजस्थान में बीजेपी के लिए किसान कौम (जाट समुदाय) को साधना किसी चुनौती से कम नहीं है। माना जा रहा है कि प्रदेश में पैदा हुए इस सियासी संकट को लेकर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई है। वसुंधरा राजे प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। इस बार पार्टी ने भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया था।

### तलाक के 7 महीने बाद दर्ज की गई एफआईआर रद्द

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा-समझौता हो चुका, अब पति पर केस चलाना कानून का दुरुपयोग


**अमृतसर,एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ उसकी पूर्व पत्नी के पिता द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि तलाक और आपसी समझौते के करीब सात महीने बाद एफआईआर दर्ज करवाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल है और इसका कोई कानूनी आधार नहीं बनता।

जस्टिस जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने फैसले में कहा कि पति-पत्नी के बीच का विवाद आपसी सहमति से सुलझ चुका था और तलाक भी हो गया था, इसलिए अब पति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चलाना ठीक नहीं है।

यह मामला सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका के दौरान सामने आया था, जिसमें पति ने आईपीसी की धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) और 406 (विश्वासघात) के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी।

**2015 में हुआ था विवाह :** इस मामले में पति-पत्नी का विवाह साल 22 दिसंबर 2015 में हुआ था। 1 फरवरी 2016 को अमेरिका में तलाक की अर्जी दाखिल की गई थी, जिसके बाद अगस्त 2019 में आपसी सहमति से तलाक हो गया। दोनों के बीच संपत्ति, बच्चों, गहनों, बैंक खातों और अन्य वित्तीय मामलों को लेकर लिखित समझौता हुआ था, जिसे तलाक की डिग्री में भी शामिल किया गया।

लेकिन इसके बावजूद महिला के पिता ने 14 फरवरी 2020 को भारत में एफआईआर दर्ज करवाई, जिसमें दहेज की मांग और स्त्रीधन की वापसी के आरोप लगाए गए।




कोर्ट ने पाया कि एफआईआर में न तो तलाक का कोई जिक्र था और न ही हुए समझौते की कोई जानकारी दी गई, जिससे साफ है कि यह कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

**कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया :** कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह उन मामलों में से एक है जहां अक्सर पति के साथ-साथ उसके माता-पिता और रिश्तेदारों को भी बिना ठोस आधार के मामले में घसीट लिया जाता है, जो कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।जस्टिस पुरी ने कहा कि सभी संबंधित पक्ष- पति, पत्नी और उनके माता-पिता- अमेरिका के नागरिक हैं और वहीं रह रहे हैं। समझौता भी अमेरिका में ही हुआ था और उसे तलाक के आदेश का हिस्सा बनाया गया। अंततः, अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि सभी विवाद सुलझ चुके हैं, और तलाक की डिक्री अंतिम रूप ले चुकी है। ऐसे में आईपीसी की धारा 498ए और 406 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया गया।

# प्रेमी साथ पकड़ी गई शादीशुदा महिला, हाथ बांधकर पीटा गया: पूरे गांव में घुमाया, बोली- मैं बॉयफ्रेंड के साथ ही रहूंगी

**कटिहार, एजेंसी ।** कटिहार में शादीशुदा महिला अपने प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में कमरे में पकड़ी गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों की पिटाई कर दी। हाथ बांधकर दोनों को गांव में घुमाया। मामला मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पंचवर्गा गांव का है। महिला फिलहाल अपने ननिहाल में रह रही थी, जहां उसके नाना ने दोनों को पकड़ लिया। महिला कविता की 3 साल पहले टिंकू साह से शादी हुई थी। 2 साल से महिला का अपने चचेरे देवर जीत साह से अफेयर चल रहा था। कविता ने अपने प्रेमी जीत कुमार को पश्चिम बंगाल से बुलाया था। दोनों ननिहाल के घर के एक कमरे में थे। तभी अचानक लड़की के नाना और कुछ ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। अब पति कविता को साथ रखना नहीं चाहता, न ही कविता उसके साथ रहना चाहती है। उसका कहना है कि वो प्रेमी जीत के साथ ही रहेगी।




**एक साल से चल रहा था अफेयर :** कविता की शादी 3 साल पहले पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के टिंकू साह से हुई थी। दोनों की एक डेढ़ साल की बेटी भी है। शादी के 2 साल बाद ही कविता का उसके चचेरे देवर जीत कुमार साह से प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इसके 3 महीने बाद वो अपने मायके पंचवर्गा गांव आई। इस दौरान कई बार वो अपने प्रेमी को यहां मिलने बुलाई। इस दौरान 6 महीने पहले दोनों को घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद पंचायत बुलाई गई और आपसी समझौते से मामला सुलझा लिया गया। घर वाले कविता को समझा-बुझाकर पति और बच्ची के साथ ससुराल भेज दिए। लेकिन 3 महीने पहले वो फिर मायके आई। अभी वो अपने ननिहाल में रह रही थी।

**पति ने साथ रखने से इनकार किया :** सोमवार शाम 5 बजे नाना ने कविता को प्रेमी के साथ कमरे में पकड़ लिया। उन्होंने लड़के को पकड़कर कमरे से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पति मंगलवार की सुबह ससुराल पहुंचा और पति को अपनाने से इनकार कर दिया। पति टिंकू साह ने बताया कि 3 साल पहले कविता से मेरी शादी हुई थी। हमारी डेढ़ साल की बच्ची भी है। लेकिन अब लड़की हमे छोड़ना चाहती है। इससे पहले भी एक बार दोनों पकड़े गए थे। लेकिन सुलह हो गई थी। लेकिन अब वो मुझे छोड़ना चाहती है, तो अब हम भी उसके साथ नहीं रहना चाहते है। पंचायत में लिखित रूप से हम एक दूसरे को स्वेच्छा से छोड़ रहे है। मेरा अब मेरी पत्नी से कोई रिश्ता नहीं रहेगा।

**3 अगस्त को होनेवाली थी प्रेमी की शादी :** प्रेमी जीत कुमार शाह ने बताया, कविता ने फोन कर मिलने बुलाया था। लोगों ने पकड़ लिया। मैं उसे अपने साथ रखूंगा। उससे ही शादी करूंगा। उसने बताया कि मैं अब शादी करके कविता को अपने साथ ले जाऊंगा। घर वाले अगर नहीं अपनाए तो उसके साथ अलग रहूंगा।

## मुजफ्फरपुर में पुलिस टीम पर हमला: विवादित जमीन पर अवैध निर्माण की सूचना पर पहुंची थी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में पुलिस टीम पर हमला हुआ है। विवाद जमीन पर अवैध निर्माण रोकने के लिए पहुंची थी। इस दौरान असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। जिसमें महिला पुलिसकर्मी कंचन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गईं। पत्थर लगने से सिर फट गया। मौके पर ही बेहोश हो गई। झड़प का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें पत्थरबाजी करते हुए कछ लोग दिखाए दे रहे हैं। घटना बोचहां थाना क्षेत्र के बलथी रसूलपुर गांव की है।

**निर्माण कार्य रोकने पर बढ़ा विवाद:** जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि विवादित जमीन पर बिना अनुमति निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी जांच के लिए बोचहा थानाध्यक्ष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने जब निर्माण रोकने की कोशिश की तो एक पक्ष उग्र हो गया। ईंट-पत्थर चलाने लगा। जिसमें महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं।

**घायल की हालत ठीक है :** वहीं, बोचहां थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि घायल महिला पुलिसकर्मी अभी ठीक है। इस घटना में शामिल 13 लोगों पर नामजद शिकायत दर्ज की गई है।

## नागपंचमी पर मुजफ्फरपुर में विषहर मेला: महिलाओं ने पूजा-अर्चना के बाद नाग को दूध और लावा चढाया



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सावन महीने में शुक्ल पंचमी यानी मंगलवार को नागपंचमी मनाई गई। सुबह से ही मुजफ्फरपुर के शिवालयों के साथ-साथ गोबरसही पकड़ी गांव के पकड़ी पेठिया में विषहरी माता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और नाग देवता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा गरीबनाथ मंदिर समेत नंदपुरी, बीबीगंज, अहियापुर, भिखनपुर और पुरानी बाजार के मंदिरों में सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे थे।

शिवालयों के साथ-साथ माता विषहरी मंदिर में आसपास के गांवों से कई सपेरे नाग भी लेकर पहुंचे थे। श्रद्धालुओं ने सपेरों से नाग को लेकर उन्हें दूध पिलाया, धान का लावा चढ़ाया और उनकी पूजा अर्चना की। मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और सर्पदोष से मुक्ति मिलती है।

शिवालयों में पहुंचे शिवभक्तों में शामिल बीबीगंज की रीता देवी ने कहा कि मैं हर साल नागपंचमी को नाग देवता की पूजा करती हूं। इस बार भी मंदिर में नाग देवता की पूजा की है और उन्हें दूध के साथ धान का लावा चढ़ाया है। वहीं, मंदिर में मौजूद सकरा के रहने वाले पेशे से सपेरा बाबूलाल ने बताया कि हम 15 किलोमीटर दूर से नाग लेकर आते हैं। भक्तजन बड़े भाव से पूजा करवाते हैं। इससे हमारी भी कुछ कमाई हो जाती है। वे बताते हैं कि जो नाग हम लेकर आते हैं, उनके विषैले दांत पहले से ही हटा दिए जाते हैं, जिससे डसने या काटने का खतरा नहीं होता।

**नंदपुरी और बीबीगंज में लगा विषहर मेला :** नंदपुरी और बीबीगंज में नागपंचमी के मौके पर विषहर मेला लगा। मेले में चूड़ी, खिलौने और फास्टफूड की दुकानों पर भीड़ दिखी। वहीं, सोमवार की रात मेले में शिव जागरण और भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही, प्रशासन ने बनाए थे विशेष इंतजाम नागपंचमी को लेकर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख पूजा स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती रही।

## बिहार में मानसून हुआ सक्रिय, पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मानसून पूरी तरह एक्टिव हो गया है, जिसकी वजह से राजधानी पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। सोमवार देर रात हुई बारिश ने पटना को पानी-पानी कर दिया, जिससे कई इलाके, जैसे राजेंद्र नगर और कंकड़बाग, तालाब और झील में तब्दील हो गए। सड़कों पर जलभराव से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पटना और पूसा के ग्रामीण मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 1-2 दिनों तक पटना में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। दक्षिण बिहार में मानसून की मजबूत स्थिति के कारण भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर बिहार में यह कमजोर पड़ रहा है। आईएमडी ने 29 जुलाई यानि आज बिहार के कई जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जमुई, बांका, भागलपुर, और अररिया में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा नवादा और मुंगेर जैसे जिलों में भी एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना के साथ येलो अलर्ट जारी है।

दक्षिण बिहार के जिलों में 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका को देखते हुए भी येलो अलर्ट लागू है। अगले 3-5 दिनों तक बिहार के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है पटना में सोमवार को 106 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसने शहर के निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया। पटना जंक्शन पर रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने और नवादा के सदर अस्पताल में वार्डों में पानी घुसने से मरीजों और यात्रियों को भारी दिक्कत हुई। स्थानीय प्रशासन ने जल निकासी के लिए पंप लगाए हैं, लेकिन कंकड़बाग और राजेंद्र नगर जैसे क्षेत्रों में जलभराव की समस्या बरकरार है। देर रात शहरी विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने जलभराव वाले इलाके में स्वयं दौरा कर अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर में सोमवार को 62 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और अधिकतम तापमान में कमी आई। बीएयू के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के नोडल अधिकारी ने बताया है कि 30 जुलाई तक बादल ऐसे ही छाए रहेंगे और एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## किशनगंज में दिये से घर में लगी आग: 3 थानों की फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, सारा सामान जलकर राख, लाखों का नुकसान



**किशनगंज ( बिहार ), एजेंसी।** किशनगंज के दिघलबैंक प्रखंड के तुलसिया पंचायत के भाटटोली वार्ड संख्या-4 में सोमवार रात भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग से एक व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। भाटटोली गांव निवासी जुगल ठाकुर के घर देर शाम संध्या के समय दिया जलाया गया था। इस दौरान दिये की चिनगारी से बगल में रखे जलावन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

**घर का सारा सामान जला :** आग की सूचना मिलते ही दिघलबैंक, बहादुरगंज और गंधर्वडांगा थाने की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। इससे लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद तुलसिया पंचायत के राजस्व कर्मचारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तुरंत राहत राशि देने की मांग की है। साथ ही इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की है।

## दरभंगा में 2 गुट आपस में भिड़े, भाई-बहन घायल: पानी को लेकर हुआ था विवाद; गर्भवती महिला के पेट पर मारी लात, हालत गंभीर

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में पानी के विवाद में 2 गुट आपस में भिड़ गए। लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर हमला किया। खूनी सघंर्ष में भाई-बहन घायल हो गए। युवक का सिर फटा है। महिला प्रेग्नेंट है, पेट में गंभीर चोट लगी है। दोनों को इलाज के लिए छ्रूस्ट॥ में एडमिट कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना मनिगाछी ब्लॉक के राघोपुर पूर्वी पंचायत के मरवाघाट गांव की है।



**चापानल में मोटर लगाने पर बढ़ा विवाद :** घायल महिला के चाचा अब्दुर रहीम ने बताया कि गांव में पिछले 15-20 दिनों से पानी का गंभीर संकट बना हुआ है। चापाकल और मोटर से पानी नहीं निकल रहा है। लोग सरकारी नल जल योजना पर निर्भर हो गए हैं। पानी को लेकर पहले महिलाओं के बीच कहासुनी है। जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

बेटे को चापानल में अधिक पावर वाला मोटर लगाने को कहा तो विवाद और बढ़ गया। मो. निसार, मो. सत्तार, मो. अंसार और मो. सलीम ने मेरे पर हमला कर दिया। बीच बचाव में मेरे बेटे अब्दुल कादिर(25) का सिर फट गया। गर्भवती बेटी दर्कशा खातून(23) के पेट में लात से मारा। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

**आवेदन के आधार पर होगी कार्रवाई:** मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है इस घटना ने सरकार की नल-जल योजना की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भागलपुर में 11 साल की लड़की से रेप-आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया, रिश्ते में चाचा लगता था,

**भागलपुर, एजेसी।** भागलपुर के नाथनगर इलाके में 11 साल की लड़की से रेप का मामला सामने आया है। आरोप रिश्ते में लगने वाला चाचा(24) पर है। परिजनों के शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी से थाने में पूछताछ की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर स्नस्रुकी टीम को भी बुलाया गया है।

**फूल तोड़ने गई थी :** जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह लड़की फूल तोड़ने के लिए घर से बाहर गई थी। इस दौरान आरोपी ने अकेला देखकर उसे पकड़ लिया। जबरन गंदा काम किया। सूचना मिलते ही परिजन थाने पहुंचे। नाथनगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि लड़की के साथ उसके चाचा ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मेडिकल करवाया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेले में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भी लगाए गए थे।

## पैक्स अध्यक्ष ने बाइक सवार को स्कॉर्पियो से मारी टक्कर: पीड़ित ने हत्या के प्रयास का लगाया आरोप, गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के अरेराज प्रखंड के झखड़ा गांव के पैक्स अध्यक्ष मुन्ना सिंह पर बाइक सवार युवक को जान से मारने की नीयत से स्कॉर्पियो से टक्कर मारने का आरोप है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। गोविंदगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मुन्ना सिंह ने उसे स्कॉर्पियो से जानबूझकर टक्कर मारी। इसके बाद गाड़ी से उतरकर उसके साथ मारपीट भी की। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। सुमित ने बताया कि यह विवाद पैक्स चुनावों के दौरान शुरू हुआ था। उसने पहले भी अरेराज एसडीओ कोर्ट और गोविंदगंज थाना में आवेदन देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई थी।

**20 हजार का इनाम घोषित :** मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने मुन्ना सिंह की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। एसपी ने कहा, कोई भी हो, कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, मुन्ना सिंह फरार है और पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। यह मामला जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर पैक्स अध्यक्ष की आलोचना कर रहे हैं।

## भाई वीरेन्द्र के एससी-एसटी समाज के व्यक्ति को धमकी देने पर कार्रवाई करे राजद : तेज प्रताप यादव

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव ने राजद विधायक भाई वीरेंद्र की ओर से अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी/एसटी) समाज के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और धमकी को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



तेजप्रताप यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर मंगलवार सुबह एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी

तेज प्रताप यादव ने कहा कि मुझे तो जयचंदों की साज़िश के तहत पार्टी से बाहर कर दिया गया... अब देखना है कि बवाल करने वालों पर भी पार्टी उतनी ही सख्ती दिखाएगी या नहीं संविधान का सम्मान भाषणों में नहीं, आचरण में दिखना चाहिए। तेजप्रताप यादव का यह बयान उस समय आया है जब पार्टी में संगठनात्मक अनुशासन और जातीय समरसता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने इस पूरे विवाद को केवल भाई वीरेंद्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी इशारा किया कि पार्टी में कुछ जयचंदों की साज़िश के चलते उन्हें ही बाहर कर दिया गया, जबकि अन्य विवादास्पद नेताओं के खिलाफ चुप्पी साधी गई।

## भोजपुर में कांवरियों से भरी पिकअप पलटी: बाबा धाम से दर्शन करके घर लौट रहे थे; हादसे में 18 श्रद्धालु घायल, एक की हालत गंभीर

**आरा( भोजपुर ), एजेंसी।** भोजपुर में कांवरियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 18 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी बाबा बैद्यनाथ धाम से जलाभिषेक कर घर लौट रहे थे। घटना कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढाकाइच गांव की है।



हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए ब्रह्मपुर पीएचसी पहुंचाया गया। एक युवक की हालत गंभीर है। जिसकी पहचान रोहतास जिले के भानपुर निवासी भोला कुमार के तौर पर हुई है। जिसका आरा सदर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**ओवर स्पीड से बिगड़ा संतुलन :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप सवार देवघर बाबा धाम से लौट रहे थे। कांवड़ लेकर जलाभिषेक करने गए थे। जैसे ही गाड़ी छोटका ढाकाइच गांव के पास पहुंची। अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय गाड़ी की रफ्तार अधिक थी। जिससे संतुलन बिगड़ गया। घायल भोला कुमार ने बताया कि अपने गांव के अन्य कांवरियों के साथ देवघर से कांवड़ लेकर लौट रहा था। थकान और भीड़ की वजह से पिकअप से घर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में अचानक हादसा हो गया। सभी लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। पास के अस्पताल में पहुंचाया गया।

**कांवरियों के सुरक्षा पर सवाल :** सूचना मिलते ही कृष्णब्रह्म थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप को सड़क से हटवाया। फिलहाल सभी जख्मी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही है। जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठने लगे है।जहां पानी जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर लोग हिंसा पर उतारू हो रहे हैं, वहीं प्रशासन की लचर व्यवस्था भी इस विवाद की बड़ी वजह मानी जा रही है।

## छपरा डबल डेकर फ्लाईओवर को मिली प्रथम पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति

- योजना की पुनरीक्षित लागत 696.26 करोड़ पर मिली प्रशासनिक स्वीकृति
- डबल डेकर फ्लाईओवर के गांधी चौक से नगरपालिका चौक खंड निर्माणाधीन
- मंगलवार को बिहार कैबिनेट ने दी प्रथम पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति
- न्यायालय में लंबित मामले के कारण रुका कार्य अब दोबारा प्रारंभ
- सांसद राजीव प्रताप रूडी के सतत प्रयासों से योजना को नई गति
- परियोजना को सफल बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य स्तर पर लगातार वार्ता

**दैनिक खोज खबर छपरा।** छपरा शहर में देश का सबसे लंबा डबल डेकर फ्लाईओवर बन रहा है, जिसका एक महत्वपूर्ण खंड गांधी चौक से नगरपालिका चौक के बीच निर्माणाधीन है। यह परियोजना केन्द्रीय सड़क निधि (CRF) के तहत स्वीकृत है, जिसका जॉब नंबर CRF-BR-2017-18/80 है।लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के चलते इसका कार्य बाधित था, किंतु अब पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस बीच परियोजना की बढ़ी हुई लागत और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप 696.26 करोड़ ( 69626.71 लाख) की प्रथम पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति बिहार सरकार की कैबिनेट द्वारा दी गई है।इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी जी की लगातार सक्रिय भूमिका रही है। श्री रूडी ने न केवल परियोजना की मूल स्वीकृति में भागीदारी निभाई थी, बल्कि न्यायिक बाधाओं और तकनीकी पुनःनिर्धारण के बाद राज्य व केंद्र सरकार से संवाद करते हुए इसे पुनः गति दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सांसद श्री रूडी ने कहा, कि यह डबल डेकर फ्लाईओवर छपरा की आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। वर्षों पुरानी इस मांग को साकार करने की दिशा में यह एक निर्णायक उपलब्धि है। अब जब पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, तो संबंधित एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और निर्माण कार्य शीघ्र ही युद्धस्तर पर आगे बढ़ेगा।परियोजना के पूर्ण होने पर छपरा शहर को जाममुक्त, सुव्यवस्थित और आधुनिक यातायात व्यवस्था मिलेगी। यह न केवल आवागमन को सरल बनाएगा, बल्कि शहरी जीवन एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## सीपीआइएम कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगों को लेकर अंचल कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)। बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन की परसा अंचल कमिटी के कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगों को लेकर परसा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से परसा अंचलाधिकारी को अपनी 17 सूत्री मांग पेश किया। अंचलाधिकारी ने यथासंभव मांग पूरा करने का आश्वासन दिया।इसके उपरांत कार्यकर्ताओं की एक आमसभा की गई। आमसभा को खेतिहर मजदूर यूनियन के राज्य मंत्री देवेन्द्र चौरसिया, जिला मंत्री सुभाष मांझी, किसान नेता शिवशंकर प्रसाद तथा सीपीआइएम के लोकल सचिव कामरेड अमरेन्द्र कुमार ने संबोधित किया। अध्यक्षता भुवनेश्वर दास ने किया ।सभा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने भाग लिया। मुख्य मांगों में सभी भूमिहीनो को दस डिसमिल जमीन देने की सरकार से मांग, वृद्धा पेंशन 3000 रुपये मासिक करने, किसानो से अनाज खरीदने की कानूनी गारंटी, मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं के नाम काटना बंद करने,नल जल योजना को सुचारू करने, क्षतिग्रस्त पुल पुलिया को मरम्मत करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करने की,आवास योजना की राशि 7 लाख करने की रही। इसके अलावा भी कई अन्य जनहित की मांगे रखी गई।

## लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर डीएम ने संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा को जिला कल्याण पदाधिकारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण तथा पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग कल्याण से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा की गयी तथा अत्याचार निवारण से संबंधित वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 के कुल 129 लंबित मामलों में दिनांक 15 अगस्त 25 तक निश्चित रूप से संबंधित पीड़ितों को द्वितीय किस्त की मुआवजा भुगतान की राशि प्रदान करने तथा वर्ष 2024 के 127 लंबित मामलों में 31 अगस्त 25 तक निश्चित रूप से द्वितीय किस्त के मुआवजा भुगतान की राशि संबंधित पीड़ितों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कुल 28 हत्या के मामलों में नौकरी योग्य लंबित 09 मामलों में अविलंब आरोप गठित कराते हुए योग्य पीड़ितों को नौकरी दिलाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सामुदायिक भवन सह वर्कशेड निर्माण हेतु 2024 - 25 में निर्धारित लक्ष्य 09 के विरुद्ध सभी 09 योजनाओं में अविलंब आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी सामुदायिक भवन से वर्कशेड का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही छपरा नगर निगम अंतर्गत बस स्टैंड के पास संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर कल्याण छात्रावास में विभागीय निर्देशानुसार 03 छात्रों जो क्क्स्ष्ट/क्स्ष्ट मुख्य परीक्षा में पास के लिए आरक्षित है, का नामांकन कराने हेतु दैनिक समाचारपत्रों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार कर योग्य 03 छात्रों का नामांकन कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास योजना के तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में प्रस्तावित 100 बेड का छात्रावास निर्माण, मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालय योजना के तहत प्रस्तावित रिवीलगंज बालक आवासीय विद्यालय निर्माण तथा वक्फ विकास योजना के तहत शेख टोली छपरा में प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन निर्माण के कार्य में अविलंब अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया ताकि उक्त भवनों का निर्माण कार्य संपन्न कराकर संबंधित विद्यार्थियों को उनके पठान पाठन कार्य हेतु उक्त योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।

# जागरूकता : अबतक डेढ़ हजार लोग ईवीएम तथा वीवीपैट की सहायता से मतदान की प्रक्रिया से हो चुके हैं अवगत

**दैनिक खोज खबर /छपरा।** आगामी बिहार में विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 के क्रम में मतदाताओं के बीच ईवीएम तथा वीवी पैट के संबंध में जागरूकता का प्रसार करने हेतु जिले में तीन ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों (ईडीसी) की स्थापना की गई है। यह केंद्र जिला मुख्यालय के निर्वाचन शाखा एवं सोनपुर व मढ़ौरा अनुमंडल कार्यालयों में स्थापित किया गया है। यहां बैलट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) एवं वीवीपैट उपलब्ध कराये गये हैं। साथ ही इवीएम के जानकार




कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में स्थापित इन ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की प्रक्रियागत जानकारी दी जा रही है तथा मॉक वोट डालकर उन्हें इवीएम तथा वीवीपैट की सहायता से मतदान का हैंड्स ऑन कराया जा रहा है। इससे उनमें मतदान के दौरान आत्मविश्वास पैदा होता है। ईवीएम संबंधी भ्रांतियों/शंकाओं का समाधान किया जाता है। मतदान के ट्रायल से उनका चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विश्वास बढ़ता है। ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों में स्थानीय भाषा में सरल तरीके से जानकारी दी जा रही है जिससे समाज का हर वर्ग इवीएम एवं वीवीपैट को समझ सके।जिला में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र चुनाव की घोषणा/प्रेस नोट की तिथि तक कार्यरत रहेगा। इसके उपरांत यह बंद हो जाएगा। विगत 15 जुलाई को स्थापित होने की तिथि से जिले में अब तक लगभग डेढ़ हजार लोग ईवीएम तथा वीवीपैट की सहायता से मतदान की प्रक्रिया से अवगत हो चुके हैं।

## बाबा बर्फ़ानी के रूप में बाबा हरिहरनाथ मंदिर में संध्या आरती का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** स्थानीय बाबा हरिहरनाथ मंदिर में सावन के सोमवारी को भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी और डीआईजी हरिकिशोर राय ने मंदिर की संध्या आरती में भाग लिया। इस मौके पर मंदिर मे बाबा बर्फ़ानी के रूप में बाबा हरिहरनाथ का दर्शन किया और कमल का फूल चढ़ा पूजा अर्चना की। ज्ञात हो कि सोमवारी के अवसर पर बाबा को पूरे बर्फ से सजाया गया, जो बहुत ही अद्भुत दृश्य था। जिसे देखने के लिए लोग दूर दूर से बड़ी संख्या मे आये थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे लोगो ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और मंदिर न्यास समिति अध्यक्ष प्रमोद मुकेश ने अंग वस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा बगहा प्रभारी डॉ विकास सिंह, युवा मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, मंदिर सचिव विजय लाला, भाजपा नेता पंचायत समिति रंजन विद्यार्थी, बिरजू झा, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनदन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्णा सुप्रिया, मोनू सिंह, पुजारी सुशीलचंद्र शास्त्री, भूटकून बाबा, बमबम बाबा, राहुल बाबा, सदानंद बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शीतलपुर कोठी में जलजमाव बनी बड़ी समस्या, पीएससी तक पहुंचना हुआ मुश्किल

- **मुखिया प्रतिनिधि सुभाष पांडे ने दीर्घकालिक समाधान का दिया आश्वासन**

**दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के अकबरपुर पंचायत के वार्ड संख्या-14 स्थित शीतलपुर कोठी गांव में पीएससी सड़क पर जलजमाव एक गंभीर समस्या बन गई है। हल्की बारिश होते ही सड़क और आसपास के क्षेत्रों में पानी भर जाता है, जिससे लोगों का आवागमन ठप हो जाता है

स्थानीय लोगों के अनुसार, पीएससी का निर्माण वर्षों पहले घरों नीचले स्तर पर किया गया है, जिस कारण बारिश का पानी उसमें भर जाता है। इस समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है।

हालांकि, पूर्व में भी इस समस्या का समाधान निकालने के लिए वर्तमान मुखिया सरिता देवी के प्रतिनिधि सुभाष पांडे ने काफ़ी प्रयास किए थे। उन्होंने पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था कराई थी, जिससे कुछ समय तक राहत मिली थी। लेकिन हाल की हल्की बारिश ने फिर से समस्या को उजागर कर दिया है।इस मुद्दे को लेकर जब दैनिक भास्कर संवाददाता ने सुभाष पांडे से बात की तो उन्होंने बताया कि ÷इस समस्या के अस्थायी और स्थायी समाधान के लिए एक अभियंता से स्थल निरीक्षण कराया गया है और एक प्रारूप (ड्राफ्ट) तैयार करवाया जा रहा है। पूरे शीतलपुर कोठी गांव में जल निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जा रही है।÷ वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता बम बम तिवारी ने भी इस प्रयास का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ÷मुखिया प्रतिनिधि द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। हम समाज के लोग भी हमेशा गांव की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं – चाहे वह सड़क हो, मंदिर हो या स्वास्थ्य की सुविधा।÷ स्थानीय ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि इस बार समस्या का स्थायी समाधान निकल पाएगा और गांव को जलजमाव की पीड़ा से मुक्ति मिलेगी।



## रिविलगंज : अपना बूथ सबसे मजबूत को लेकर सदर मण्डल भाजपा के कार्यशाला में चर्चा

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** रिविलगंज सदर मण्डल भाजपा का कार्यशाला पचपत्रा में मण्डल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शूरू की गई। मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, मध्य प्रदेश से आये विस्तारक राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कु शाह , संयोजक सत्यानन्द सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया विस्तारक राकेश श्रीवास्तव ने अपना बूथ सबसे मजबूत पर विस्तार से बताया। जिला महामंत्री धर्मेन्द्र शाह ने केंद्र की मोदी सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजना कार्यों की विस्तृत




जानकारी दी।कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी श्याम सुंदर प्रसाद ने संगठन को और धार धार बनाने की जरूरत बताया। कार्यशाला में प्रमुख़ रूप से विधानसभा संयोजक सत्यानन्द सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविभूषण मिश्रा, उपाध्यक्ष शत्रुध्न प्रसाद, महामंत्री प्रियकांत कुशवाहा, मनोज त्रिपाठी, उपाध्यक्ष संजीव सिंह,धर्मेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, प्रदीप मिश्रा वसन्त कुमार, मनोज पाण्डे, सहित मण्डल के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष शामिल हुए।

## एलआईसी ऑफ इंडिया द्वारा 16 अभ्यर्थियों का औपबंधिक चयन

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** मंगलवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन छपरा शहर में किया गया। इस शिविर में एलआईसी ऑफ इंडिया, छपरा शाखा द्वारा दो प्रकार के पदोंङ्क बीमा सखी एवं इंश्योरेंस एडवाइज़र पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। शिविर का उद्घाटन भरत जी राम, सहायक निदेशक (अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा) द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नियोजनालयों के माध्यम से होने वाले रोजगार शिविरों की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं यह भी आग्रह किया कि युवा किसी भी संदिग्ध संस्था या बिचौलिये के झाँसे में न आएँ। बीमा सखी पद के लिए 10 रिक्तियाँ निर्धारित की गई थीं, जो केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित थीं। इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को ?7,000 प्रतिमाह मानदेय के साथ-साथ अतिरिक्त कमीशन प्रदान किया जाएगा। वहीं इंश्योरेंस एडवाइज़र पद के लिए भी रिक्तियाँ उपलब्ध थीं, जिसका पारिश्रमिक पूर्णतः कमीशन आधारित होगा। दोनों ही पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास एवं आयु सीमा 18 से 70 वर्ष निर्धारित थी। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों की अभिरुचि, प्रस्तुतीकरण क्षमता एवं ग्राहक संवाद कौशल का मूल्यांकन किया गया। इस शिविर में कुल 16 अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना सारण जिले के अंतर्गत की जाएगी।इस आयोजन की सफलता में सहायक निदेशक (अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा) भरत जी राम, नियोजन पदाधिकारी सुश्री पिंकी भारती, प्रशिक्षु नियोजन पदाधिकारी कुदरतुल्लाह फ़राज़ तथा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के सभी सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भाजपा सारण पश्चिमी के तरैया और बनियापुर विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत मशरक के सीमावर्ती गलिमापुर गांव में मंगलम विवाह भवन परिसर में एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने किया वहीं मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर मिश्र ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। उप मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल सह तरैया विधायक जनक सिंह ने बूथ स्तर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत मंत्र को दोहराया। जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कार्यकर्ताओं से जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का आग्रह किया। कार्यशाला में केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो को हर बूथ के मतदाताओं को बताने का संकल्प लिया गया। मौके पर तरैया, मशरक, पानापुर और बनियापुर के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### मरीजों की गई निशुल्क नेत्र जांच

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी सीएचसी में मंगलवार को शिविर लगाकर दर्जनों मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच की की गई। साथ ही मरीजों के बीच मुफ्त चश्मा वितरित किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रभात कुमार भारती ने मरीजों की जांच की। मौके पर मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने ने बताया कि शिविर में कुल 70 मरीजों के बीच चश्मा वितरित किया गया। इस अवसर पर बीसीएम विवेक ब्याहुत तथा मुन्ना सिंह सहित दर्जनों नेत्र मरीज मौजूद थे।

## दुमदुमा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विधालय के नये भवन का हुआ उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक के दुरगौली पंचायत के दुमदुमा में उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नया भवन का उद्घाटन बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह की मौजूदगी में चुनमुन बाबा ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बनियापुर विधायक नाथ सिंह , सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह जीवन उर्फ कवी जी,सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह समेत विजय सिंह,शिक्षक संजय सिंह शिक्षक, दीनानाथ साह शिक्षक संत कुमार सिंह, शुभनारायण सिंह, उपेन्द्र सिंह शिक्षक समेत अन्य विधालय के शिक्षक मौजूद रहें। विधालय में मौजूद भवन की जमीन पर ही नई इमारतें बनाई गई हैं। इन इमारतों में छ्कक्षाओं के पढ़ने की भी सुविधा दी गई हैं। इसके अलावा शौचालय रूम भी अलग से बनाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नए विधालय भवन निर्माण के बाद बच्चों के पढ़ाई में भी तेजी आएगी। इन कक्षाओं में विधार्थियों के पढ़ाई लिखाई की भी सुविधा मिलेगी यह विधालय के नए छ्- कक्षा में लगभग एक करोड़ के लागत से बना है । वहीं प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, समिति सदस्यों में प्रतिनिधि चुनमुन बाबा, शशिभूषण सिंह, सहित उदय कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह समाजसेवी सुरेश सिंह, उपस्थित रहे।

# जिले के 11 प्रखंड के 11 एचडब्ल्यूसी का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए किया गया चयनित

- **सामुदायिक स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना पहला लक्ष्य- जिलाधिकारी**
- **जिलाधिकारी के दिशा- निर्देश में एनक्यूएएस के मानकों के आधार पर तैयारियां शुरूङ्क सिविल सर्जन**




**दैनिक खोज खबर/सिवान।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में हर तरह की सुख सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ यानी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की होती है। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बताया कि एचडब्ल्यूसी को एनक्यूएएस के मापदंडों पर खड़ा उतरते हुए बेहतर प्रदर्शन के आधार पर अंकों का निर्धारण होता है। जिसमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए मॉडल टीकाकरण कॉर्नर, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार, स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ- सफाई का इंतजाम, शौचालय की सुविधा सहित अस्पताल में शांत व स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया है। क्योंकि हमलोगों का प्रयास रहता है कि जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपने लाभार्थियों या निवासियों को हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध हो। क्योंकि शिशु मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नियमित टीकाकरण, चिकित्सीय परामर्श, दवा के साथ ही शांत एवं स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ज्यादा जरूरी होता है।

सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ- साथ वैश्विक स्तर पर रोगियो के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाता है। हालांकि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के तहत आठ प्रकार जैसे- सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायता सेवाएं, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम को मुख्य रूप शामिल किया गया है। जिसको लेकर जिले के 11 प्रखंडों के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश के मार्ग दर्शन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण कराने के लिए पहली प्राथमिकताओ में शामिल किया गया है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश के आलोक में तैयारियां की जा रही है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुपालन की स्थिति को लेकर नियमित रूप से जिला सलाहकार गुणवत्ता यक़ीन डॉ कुमार अभिमन्यु और एच डब्ल्यू सी के नोडल अधिकारी सह डीपीसी इमामुल होदा के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की जाती है। विभागीय स्तर पर रोगियो को मिलनी वाली स्वास्थ्य सुविधाएं और एच डब्ल्यूसी अपने एनक्यूएएस के मानकों पर खड़ा उतरने में कितना कारगर साबित हो रहा है।जिला सलाहकार गुणवत्ता यक़ीन (डी सी क्यू ए) डॉ कुमार अभिमन्यु ने बताया कि निर्धारित मापदंड के आधार पर स्वास्थ्य संस्थानों का विकास, बेहतर सेवाओं की उपलब्धता, स्वच्छ व स्वास्थ्यवर्द्धक माहौल का निर्माण राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का मुख्य उद्देश्य होता है। जिले के 11 प्रखंड के 11 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) का राष्ट्रीय स्तर पर (एनक्यूएएस) के लिए चयनीय किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से रघुनाथपुर प्रखंड के आदमपुर गांव स्थित एचडब्ल्यूसी, सदर प्रखंड के चनौर, बड़हरिया के हरदोबारा, गोरेयाकोठी के जगदीशपुर, आंदर के रकौली, बसंतपुर के समरदह, गुठनी के डरैला, लकड़ी नबीगंज के गोपालपुर कोठी, हसनपुरा के बसंत नगर, सिसवन के ग्यासपुर और हुसैनगंज के हबीब नगर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का जल्द ही राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश, सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद और जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विशाल कुमार के दिशा निर्देश और मार्ग दर्शन के सभी तरह की आवश्यक तैयारियां चल रही हैं। हालांकि इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों का विगत महीने राज्य स्तरीय टीम द्वारा भौतिक मूल्यांकन किया गया था। जिसके बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर अनुश्रवण किया जाना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली/जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से राजस्थान में चल रही विकास परियोजनाओं, निवेश की संभावनाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर सहयोग के लिए राजस्थान की जनता की ओर से हृदय से आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने वैश्विक पटल पर एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनके कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान भी गत डेढ़ वर्ष से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ÷डबल इंजन÷ की शक्ति के साथ हर वर्ग किसान, युवा, महिला, गरीब और वंचित के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने भविष्य में राजस्थान को और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया है, जिसके लिए राज्य की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का कोटिशः आभार प्रकट किया।

## कोलकाता में मेट्रो संकट : कवि सुभाष स्टेशन के पिलरों में दरार, ब्लू लाइन पर लंबे समय के लिए स्थगित रहेगी सेवा



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर सोमवार दोपहर बाद बड़ी तकनीकी खामी सामने आई है। कवि सुभाष स्टेशन के प्लेटफॉर्म के चार पिलरों में दरारें देखी गई हैं। एहतियातन मेट्रो सेवा को वहीं के लिए तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता ने मंगलवार को सुबह बताया कि सोमवार से ही समस्या हो रही थी, जिसके बाद बड़े पैमाने पर निरीक्षण किया गया और तब पता चला कि पिलर में दरार है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम तक ही ब्लू लाइन की मेट्रो सेवाएं संचालित की जा रही है। मेट्रो रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दरारें स्टेशन के अप लाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद पिलरों में पाई गई हैं, जो छत से जुड़े हैं। हाल ही की लगातार भारी बारिश को इसकी संभावित वजह माना जा रहा है। प्रवक्ता के अनुसार, ÷चूंकि जिन पिलरों में दरारें आई हैं, वे संरचनात्मक रूप से प्लेटफॉर्म की छत से जुड़े हैं, इसलिए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कवि सुभाष स्टेशन पर सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। मंगलवार से मेट्रो प्रशासन ने स्टेशन-स्टेशन पर उद्घोषणा कर यह सूचना देने का निर्णय लिया है कि कोई भी ट्रेन कवि सुभाष तक नहीं जाएगी। हालांकि मेट्रो की ऑरेंज लाइन जो हेमंत मुखर्जी (रूबी अस्पताल क्षेत्र) से कवि सुभाष तक जाती है ङ्कउस पर सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं। यानी ब्लू लाइन पर संकट के बावजूद, ऑरेंज लाइन के यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि स्थिति की गंभीरता के आधार पर मरम्मत और बहाली का काम तेज़ी से किया जा रहा है। लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि 'कवि सुभाष' स्टेशन पर मेट्रो कब से दोबारा शुरू हो पाएगी।

## लोकायुक्त ने पांच सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर की छापेमारी, आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप




**बंगलूरू,एजेसी।** कर्नाटक लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को पांच सरकारी अधिकारियों के खिलाफ संपत्ति जांच के लिए कई जगह छापेमारी की। इन अधिकारियों पर अपनी कमाई से बहुत ज्यादा और गैरकानूनी तरीके से संपत्ति जमा करने का आरोप है। टीम ने छापे हासन, चिक्काबल्लापुर, चित्रदुर्ग और बंगलूरू के अलग-अलग इलाकों में मारे।

**किन-किन अधिकारियों के घर पर हुई छापेमारी :** अब बात अगर लोकायुक्त की छापेमारी की सूची में सामिल अधिकारियों की करें तो। इसमें हासन में एनएचएआई विभाग में कार्यकारी अभियंता जयन्ना आर, चिक्काबल्लापुर के ग्रामीण पेयजल और स्वच्छता विभाग में जूनियर इंजीनियर अंजनैया मूर्ति एम, चित्रदुर्ग के हिरियूर तालुका के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेंकटेश, बंगलूरू के बीबीएमपी दशरहली उप-प्रभाग के राजस्व अधिकारी एन वेंकटेश और बंगलूरू के बीडीए मुख्यालय के वरिष्ठ सहायक बागवानी निदेशक के ओम प्रकाश का नाम शामिल है।

**राजस्व अधिकारी वेंकटेश के बंगले की भी हुई छापेमारी:** जानकारी के अनुसार लोकायुक्त की टीम ने बंगलूरू में बीबीएमपी के राजस्व अधिकारी वेंकटेश के एक बड़े और आलीशान बंगले की भी जांच की। अधिकारियों का मानना है कि इन अधिकारियों की संपत्ति उनकी आधिकारिक आय से कहीं ज्यादा है, इसलिए उनकी कमाई और खर्चों की जांच जरूरी है। गौरतलब है कि लोकायुक्त की तरफ से की गई कार्रवाई का मकसद भ्रष्टाचार को रोकना और सरकारी अधिकारियों को जवाबदेह बनाना बताया गया है। जांच अभी जारी है और आगे और जानकारी मिलने पर प्रशासन कदम उठाएगा।

## अमरनाथ तीर्थयात्रा: 1,490 तीर्थयात्रियों का 27वाँ जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना



**जम्मू, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का 27वाँ जत्था आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से 61 वाहनों के काफिले में कुल 1,490 तीर्थयात्री रवाना हुए। इस जत्थे में 1,262 पुरुष, 186 महिलाएँ और 42 साधु-साध्वियाँ शामिल हैं। कुल 327 तीर्थयात्री बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए जबकि 1,163 तीर्थयात्री पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए। इन शिविरों से तीर्थयात्री पवित्र अमरनाथ गुफा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## सिक्किम: राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर भूस्खलन, यातायात प्रभावित

**गंगटोक, एजेंसी।** लगातार बारिश के कारण सिक्किम की जीवन रेखा माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर वाहनों की आवाजाही एक बार फिर बाधित हो गई है। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर कई जगह भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते सिक्किम से सिलीगुड़ी और दार्जिलिंग जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है।सिक्किम में बीती मध्य रात्रि भारी बारिश हुई और आज (मंगलवार) भी बारिश जारी है। गंगटोक जिले के जिला मजिस्ट्रेट और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। सिक्किम को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग के अवरुद्ध होने से यातायात व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 10 के बरदांग (सिक्किम) और तारखोला (उत्तर बंगाल) में भूस्खलन हुआ है।दूसरी ओर, लगातार बारिश के कारण तीस्ता नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाने के बाद तीस्ता बाजार से होकर दार्जिलिंग जाने वाला मार्ग बंद हो गया है। यहां स्थिति बेहद गंभीर है और आस-पास के लोग परेशान हैं। प्रशासन ने सिक्किम से सिलीगुड़ी या दार्जिलिंग जाने के लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी है। संबंधित एजेंसियां सड़क साफ करने में जुट चुकी हैं। हालांकि, लगातार बारिश के कारण राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## निगम ग्रेटर आयुक्त ने किया शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**जयपुर,एजेंसी।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी द्वारा मंगलवार को साँगानेर, मालवीय नगर एवं जगतपुरा जोनों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर अधिशासी अभियंता (गैराज) एवं साँगानेर जोन के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे तथा गंदगी फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई एवं चालान करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने साँगानेर जोन के आसपास तहसील यॉं पाई जाने पर तत्काल रूप से उन्हें सुधारने के निर्देश दिये।

## रेंगमा रिजर्व फॉरेस्ट से 2,000 परिवारों की होगी बेदखली, असम सरकार की बड़ी कार्रवाई

**गोलाघाट (असम), एजेंसी।** गोलाघाट जिले के उरियामघाट स्थित रेंगमा रिजर्व फॉरेस्ट में असम सरकार मंगलवार से एक बड़ा बेदखली अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान करीब 10,000 बीघा (लगभग 3,300 एकड़) अतिक्रमित वन भूमि को खाली कराने के लिए होगा, जिसमें लगभग 2,000 परिवार प्रभावित होंगे। सरूपथार अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले इस संवेदनशील क्षेत्र में 30 गांवों का विस्तृत सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें यह पाया गया कि बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र को अवैध रूप से कृषि भूमि में बदला गया है। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ÷पूरा क्षेत्र नौ जोनों में विभाजित किया गया है और वन विभाग के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को विधिवत नोटिस जारी किए जा चुके हैं। सात दिन की समयसीमा दी गई थी, जिसके बाद चिलनीजान, खेरबाड़ी और दयालपुर जैसे गांवों में कई परिवारों ने स्वेच्छा से खाली करना शुरू कर दिया है।

प्रशासन का मानना है कि अधिकांश अतिक्रमणकारी असम के नगांव, मोरीगांव, शोणितपुर, कछार, धुबड़ी, बरपेटा और होजाई जिलों के हैं। कुछ पश्चिम बंगाल और बिहार से भी हैं। इनमें बड़ी संख्या अल्पसंख्यक समुदाय की बताई जा रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोलाघाट में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की तैनाती की गई है। इसके अलावा सीआरपीएफ और राज्य पुलिस बलों को भी मौके पर तैनात किया गया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के 25 जुलाई को उरियामघाट दौरे के कुछ दिन बाद की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया था कि चिन्हित किए गए अतिक्रमणकारियों में से लगभग 70 फीसदी लोगों ने पहले ही स्वेच्छा से भूमि खाली कर दी है। इस बीच नगालैंड सरकार ने सीमा से सटे जिलों को सतर्क रहने और बेदखल परिवारों के किसी भी संभावित घुसपैठ को रोकने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री के अनुसार, पिछले चार वर्षों में असम में 1.29 लाख बीघा (42,500 एकड़ से अधिक) अतिक्रमित भूमि खाली कराई जा चुकी है। हालांकि अब भी राज्य में लगभग 29 लाख बीघा (9.5 लाख एकड़) भूमि पर अवैध कब्जा बना हुआ है, जिसे हटाने का सरकार ने संकल्प लिया है।

## स्कूल के शौचालय में छात्रा का यौन उत्पीड़न, आरोपित गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** शहर के एक स्कूल में एक सफाई कर्मचारी पर तीसरी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। इस घटना से प्रधान नगर इलाके में सनसनी फैल गई। आरोपित सफाई कर्मचारी पप्पू बांसफोर को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को प्रधान नगर स्थित एक स्कूल में शौचालय में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न सफाई कर्मी ने किया। घटना के बाद छात्रा ने स्कूल की शिक्षिका को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य ने छात्रा के अभिभावकों को बातचीत के लिए बुलाया गया। लेकिन सोमवार को स्कूल ने प्रधान नगर पुलिस थाने को इसकी सूचना नहीं दी। आरोप है कि कथित तौर पर स्कूल ने इस घटना को छिपाने की कोशिश किया। मंगलवार को इसकी जानकारी मिलने पर अन्य अभिभावकों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। दबाव में आकर स्कूल ने इसकी सूचना प्रधान नगरथाने को दी। इसके बाद अभिभावकों ने आरोपित को स्कूल में ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद अभिभावकों ने प्रधानाचार्य की भूमिका पर भी रोष जताया है। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि स्कूल ने सोमवार को पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। प्रधान नगर थाने की पुलिसने आरोपित सफाई कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र के पालघर देह व्यापार रैकेट में शामिल 3 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट के पालघर जिला स्थित नायगांव में एक आवासीय फ्लैट में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और महिलाओं को बचाया है। इनमें एक नाबालिग बांग्लादेशी लडक़ी और एक महिला शामिल है। पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल मंगलवार को मीडिया को बताया कि मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस बल के अधिकारियों को नायगांव के एक आवासीय फ्लैट में देह व्यापार की गोपनीय खबर मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने आवासीय फ्लैट में छापा मारा और तीन संदिग्ध एजेंटों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर नाबालिग लडक़ी को देह व्यापार में धकेला जा रहा था। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान मोहम्मद खालिद बापारी, जुबेर हारुन शेख और शमीन गफ्फार सरदार के रूप में हुई है, जो सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं। इस मामले में बचाई गई लडक़ी और महिला भी बांग्लादेश की रहने वाली हैं और कथित तौर पर उन्हें भारत में तस्करी करके लाया गया था और देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया था। दोनों को रेस्क्यू फाउंडेशन के एक केंद्र में रखा गया है।

इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 96 (बच्चे की खरीद-फरोख्त), 98 (वेश्यावृत्ति आदि के लिए बच्चे को बेचना), 143(3), 143(4) (मानव तस्करी) और 144 (तस्करी किए गए व्यक्ति का शोषण) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही आरोपितों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। हालांकि मामले में पुलिस की तरफ से गिरफ्तारी के बाद उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। एक्शन में एम्स प्रशासन वहीं इस मामले में बढ़ते विरोध को देखते हुए एम्स भुवनेश्वर भी एक्शन में आता हुआ नजर आ रहा है। इसके तहत अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच के लिए इसे अपनी आंतरिक शिकायत समिति को सौंप दिया है।

## शहीद अरविंद की पत्नी को राष्ट्रपति से मिला सम्मान, गांव पहुंचने पर हुआ अभिनंदन



**चरखी दादरी , एजेंसी।** शहीद अरविंद सांगवान की वीरांगना पिंकी सांगवान को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान मिला है। सम्मान पाकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया और वीर अरविंद सांगवान की शहादत को नमन किया।

बता दें कि अरविंद सांगवान 23 दिसंबर 2022 को लद्दाख में ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि अरविंद सांगवान ने देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शहीद अरविंद सांगवान की पत्नी पिंकी को राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया गया है जिससे गांव व क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

**पूरे देश में छह वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित :** गौरव सैनिक सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष सूबेदार सोमबीर शर्मा ने बताया कि पूरे देश से छह वीरांगनाओं को राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया गया है और यह हम सबके लिए खुशी की बात है। इस अवसर पर शहीद अरविंद सांगवान के पिता राजेंद्र सांगवान, झोझू कलां सरपंच अशोक सांगवान, पूर्व गौरव सैनिक सोसायटी उप प्रधान कैप्टन रतन सिंह, महासचिव सूबेदार राजेश फौगाट, कोषाध्यक्ष हवलदार उमेद सिंह, झोझू खंड प्रधान सूबेदार मेजर दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

**दोनों बच्चों को सेना में जाने के लिए करूंगी प्रेरित :** पिंकी सांगवान ने कहा कि उनके पति द्वारा देश के लिए दी गई शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और मैं अपने बच्चों को भी सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करूंगी। उन्होंने कहा कि मुझे अपने पति की शहादत पर गर्व है।

**24 जुलाई को सीएम ने किया था प्रतिमा का अनावरण :** 24 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी झोझूकलां आए थे। इस दौरान उन्होंने शहीद अरविंद सांगवान की प्रतिमा का अनावरण किया था। वहीं, सोमवार को उनकी पत्नी पिंकी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिला है।

## गुरुग्राम में मुठभेड़ के बाद मोस्ट वांटेड बदमाश काबू पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश को लगी गोली

**गुरुग्राम, एजेंसी।** पुलिस ने मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड बदमाश श्रवण को काबू किया है। पुलिस को देखकर जब श्रवण ने गोली चलाई तो जवाब कार्रवाई में पुलिस ने भी उस पर गोलियां चलाई। गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया और पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि आरोपी पर 25 से ज्यादा केस दर्ज हैं। उसकी काफी समय से तलाश थी। उसे घायलावस्था में सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात सेक्टर-17 अपराध शाखा की टीम को गुप्त जानकारी मिली कि कुख्यात अपराध श्रवण वजीरपुर गांव के पास है। वह यहां एक जगह पर छिपा बैठा है। इस सूचना पर अपराध शाखा उसे पकडने् के लिए सक्रिय हुइ। रात को साढ़े 10 बजे पुलिस ने वजीरपुर क्षेत्र में उस जगह का घेराव किया, जहां पर श्रवण छिपा बैठा था। पुलिस को देखते ही श्रवण व उसके साथियों ने गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाब कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान गोली श्रवण के पैर में लगी। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। साथ ही उसके दो साथियों को भी दबोचा। श्रवण को घायलावस्था में सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार श्रवण राजस्थान के तिजारा का निवासी है। काफी समय से वह अपराध की दुनिया में सक्रिय है। उस पर डकैती, हत्या, लूट, अवैध हथियारों के 25 से अधिक केस दर्ज हैं। काफी समय से पुलिस को उसकी तलाश थी। हरियाणा पुलिस सहित कई राज्यों की पुलिस को उसकी तलाश थी। आरोपी के पास एक बरामद किए गए हथियार की भी जांच की जा रही है। श्रवण के अपराध के रिकॉर्ड व उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी के लिए उसके साथियों से भी पूछताछ की जा रही है।